# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 29/08/2023

**TO SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Danik Jagran, GC Lcknow, (UP)**




रामघाट रोड स्थित आरएएफ 104 बटालियन में अयोजित क्रिकेट मैच में विजेता व उप विजेता टीम के साथ मध्य में कमांडेंट अजय कुमार शर्मा, दांए से सहायक कमांडेंट शारदा सिंह,उप कमांडेंट फूलपति , उप कमांडेंटराजवीर सिंह, उप कमांडेंट बलदेव सिंह, डा .आरके मिश्रा व द्वितीय कमान अधिकारी कमलेश कुमार व अन्य • जागरण

**Dainik Jagran, Ramghat Road, (UP)**



रामघाट रोड स्थित आरएएफ 104 बटालियन में दैनिक जागरण द्वारा भारत रक्षा पर्व को लेकर आएएफ के कमांडेंट अजय कुमार शर्मा को राखी भेंट करते युवा पहल अध्यक्ष हिमांशु मित्तल गुप्ता, ब्रह्मकुमारी ममता गुप्ता, धर्मिष्ठा शर्मा व अन्य © जागरण

**Danik Jagran, Jamshedpur, (JKD)**

# कलाइयों पर राखी बंधते ही खिल उठे जवानों के चेहरे

## दैनिक जागरण के भारत रक्षा पर्व अभियान का समापन, सुंदरनगर के रैफ कार्यालय में हुआ कार्यक्रम

जागरण संवाददाता, जमशेदपुर : दैनिक जागरण की ओर से चलाए जा रहे भारत रक्षा पर्व अभियान का समापन सोमवार को हुआ। इस अवसर पर मुख्य समारोह द्रुत कार्य बल 106 (रैफ) बटालियन के सुंदरनगर स्थित कार्यालय के पुरुष क्लब हाउस में हुआ। जब जवानों के हाथों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं, ब्रह्मकुमारी की बहनें, जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बरेलिया तथा जिला कस्तूरबा प्रभारी बिंदु झा जब राखियां बांध रही थी तब कई जवानों के आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। बहनों ने जवानों से देश रक्षा का संकल्प लिया तथा आवश्यकता पड़ने पर बहनों ने भी साथ देने का भरोसा दिया। बहनों ने जवानों का मुंह मीठा कराया। जवानों ने भी सभी बहनों को उपहार दिए। इस दौरान जवानों के चेहरे खिल उठे।

कार्यक्रम की शुरूआत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जमशेदपुर की छात्राओं द्वारा जवानों को समर्पित तथा देश प्रेम की भावना को जागृत करने वाले शैडो नृत्य से हुई। उसके बाद इस विद्यालय की छात्राओं की एक समूह द्वारा आकर्षक राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया गया। दोनों नृत्यों ने उपस्थित जवानों को एक ऐसा भाया कि सभी ने एक स्वर में तालियों के साथ छात्राओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया। साथ ही जवानों ने बच्चियों का उत्साहवर्धन भी किया। शैडो डांस में जवानों के परिवार से बिछड़ने का दर्द तथा बलिदानी होने के बाद दृश्य दर्शाया गया। इस नृत्य

- कस्तूरबा की छात्राओं ने प्रस्तुत किया देशप्रेम से भरा शैडो डांस और राजस्थानी नृत्य
- बहनों ने जवानों का मुंह मीठा कराया, इसके बाद जवानों ने भी सभी बहनों को उपहार दिए

### आप परिवार से दूर हैं तो क्या हुआ हम आपके साथ हैं

जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बरेलिया ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत चंद्रयान-तीन के माध्यम से दुनिया में अपनी संस्कृति व परंपरा का परिचय दे रहा है। रक्षा बंधन का त्योहार वर्षों पुरानी संस्कृति है। इस त्योहार को दैनिक जागरण देश की सुरक्षा पर लगे जवानों के साथ मनाता है। इस अभियान हिस्सा बनकर अपने आप को गर्व महसूस कर रहा है। उन्होंने जवानों से कहा कि आप परिवार से दूर है तो क्या हुआ हम आपके साथ है। एक परिवार की तरह सदैव आपके साथ खड़े रहेंगे।



सुंदरनगर स्थित रैफ कैंप में जवानों को तिलक लगाकर राखी बांधती कस्तूरबा विद्यालय की छात्राएं • जागरण



सुंदरनगर स्थित रैफ कैंप में राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत करती कस्तूरबा की छात्राएं • जागरण

में शामिल सभी छात्राओं की प्रतिभा के कायल जवान हुए। इसके बाद संबोधन का सिलसिला प्रारंभ हुआ। बाद में सभी छात्राओं एवं ब्रह्मकुमारी की बहनों ने जवानों को राखी बांधी। कार्यक्रम में दैनिक जागरण जमशेदपुर के वरीय पदाधिकारियों ने भारत रक्षा पर्व के बारे में विस्तार से बताया तथा धन्यवाद ज्ञापन दिया। मौके पर रैफ के द्वितीय कमान अधिकारी सच्चिदानंद मिश्र, शैलेंद्र कुमार, सीएमओ (एसजी) अश्विनी कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बरेलिया, कस्तूरबा विद्यालयों की जिला प्रभारी बिंदु झा, ब्रह्मकुमारी संस्था की कोल्हान प्रभारी अंजू बहन के अलावा कई सदस्य उपस्थित थे।

**स्कूलों से संग्रहित की गई थी राखियां :** शहर के कई निजी स्कूलों व सरकारी विद्यालय की छात्राओं ने जवानों के लिए अपने हाथ से राखियां तैयार की। भारत रक्षा पर्व अभियान का हिस्सा बने स्कूल अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। स्कूल की ओर से संग्रहित राखियों को दैनिक जागरण परिवार की ओर से रैफ के द्वितीय कमान अधिकारी सच्चिदानंद मिश्र को सौंपा। ये राखियां रैफ 106 बटालियन के जवान राखी के दिन अपने हाथों में बांधेंगे तथा बोर्डर में तैनात जवानों को ये राखियां भेजी जायेगी।

**हिंदुस्तान जब साथ है तो हम जान की परवाह नहीं करते :** सुंदरनगर स्थित रैफ 106 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी ने दैनिक जागरण के भारत रक्षा पर्व के अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे ही कार्यक्रमों से जवानों का मनोबल बढ़ता है। जवान परिवार से दूर रहते हैं, लेकिन उनके इस कमी को इस तरह के कार्यक्रम दूर करते हैं। दैनिक जागरण के सौजन्य से जवानों अब राखी बांध सकेंगे। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान जब साथ है तो हम जान की परवाह नहीं करते। देश की रक्षा का संकल्प दोहराते हुए उपस्थित जवानों एवं छात्राओं को अपने संस्कार को कभी न भूलने को कहा। बताया कि यही आपकी पूंजी है। इससे ही आपके जीवन का मार्ग प्रशस्त होगा। जिन बहनों ने राखी बांधा है, हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

**रोजाना तीन व्यक्ति को धन्यवाद दें, दूर होगी नकारात्मकता :** दैनिक जागरण के भारत रक्षा पर्व के कार्यक्रम में जवानों एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपके जीवन में नकारात्मकता दूर होनी चाहिए। इसके लिए सबसे सरल उपाय है कि रोजाना आप तीन व्यक्ति को धन्यवाद दें। इससे आपका मन हलका होगा। यह कार्य लगातार तीस दिन तक करें इससे आपका नकारात्मक सोच खत्म हो जायेगा।

**Prabhat khabar, Jamshedpur, (JKD)**

# रैपिड एक्शन कैंप में मनाया गया रक्षा बंधन



**जमशेदपुर.** सुंदरनगर स्थित रैपिड एक्शन कैंप में सोमवार को रक्षा बंधन का त्योहार मनाया गया. इस मौके पर मुख्य अतिथि द्वितीय कमान अधिकारी शैलेंद्र कुमार, अधिकारी सचिदानंद मिश्र समेत अधिकारी व जवान मौजूद थे. उत्सव में ब्रह्माकुमारी बहन व कस्तूरबा विद्यालय की बहनें भी शामिल थीं. कस्तूरबा विद्यालय से आयीं बहनों ने देश की रक्षा में तैनात जवानों की कहानी बयां की. राजस्थानी नृत्य का सुंदर चित्रण किया गया. सभी बहनों ने फौजी भाइयो के लिए ईश्वर से लंबी आयु व स्वस्थ रहने की दुआ मांगी.

Dainik Jagran, Aligarh, (UP)

# सूनी नहीं रहेंगी सैनिक भाइयों की कलाई, स्कूली बच्चों ने भेजे रक्षासूत्र

## दैनिक जागरण के भारत रक्षा पर्व के अंतर्गत स्कूलों में हुआ आयोजन

जासं, अलीगढ़ : देश की सुरक्षा के लिए घर से दूर सीमा पर तैनात सैनिक भाइयों की कलाई सूनी नहीं रहेगी। दैनिक जागरण के भारत रक्षा पर्व के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने उन्हें खुद से बनाई रंग-बिरंगी आकर्षक राखियां भेजीं। बच्चों ने कहा कि ये रक्षा सूत्र हमेशा सैनिक भाइयों की दुश्मनों से रक्षा करेंगे। सभी बच्चे बहुत खुश नजर आए।



रामघाट रोड स्थित आरएएफ 104 बटालियन में सोमवार को दैनिक जागरण के भारत रक्षा पर्व को लेकर जवानों को राखी बांधती छात्राएं● जागरण

दैनिक जागरण के भारत रक्षा पर्व कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूलों में राखी बनाओ प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। सोमवार को कई स्कूलों की तरफ से राखियों से भरे पैकेट आरएएफ कमांडेंट अजय शर्मा को सौंपे। कमांडेंट ने बताया कि यह बहुत ही अनूठी पहल है। ये रक्षासूत्र सैनिकों को सीमा पर अकेले होने का एहसास नहीं होने देंगे। इनमें सभी बहनों की प्रार्थनाएं हैं। सामाजिक संस्था युवा पहल भी स्कूलों में पहुंची, जिन्हें बच्चों ने रक्षासूत्र और स्नेह पत्र भेंट किए। इस मौके पर युवा पहल अध्यक्ष इंजीनियर हिमांशु मित्तल गुप्ता, वरिष्ठ लेखिका डा. उषा अरोरा, प्रो. दिनेश गुप्ता, पुष्पा राजपूत, अनिता सिंह, माधवी शर्मा, मंजू गुप्ता, पवन शर्मा, सुनील सक्सेना, राजेश पंडित, चंचल गौर, नाजिया, प्राची, फरहा, बबीता, रोशनी राजपूत, राखी, गौरी, शिवानी, माधुरी आदि उपस्थित रहे। सेंट मेरी पब्लिक स्कूल, सेंट मेरी बाल मंदिर, नगर पालिका स्कूल, राजकीय कन्या इंटर कालेज, अमर चंद कन्या इंटर कालेज, दाधीच मेमोरियल स्कूल, विनायक कोचिंग सेंटर, सुमंगलम कोचिंग सेंटर आदि स्कूलों की छात्राओं ने रक्षा सूत्र तैयार किए।

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**